MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY

PROGRAMME : M.A.(HINDI),

II – SEMESTER EXAMINATIONS (May-2018)

PAPER - MAHN201CCT : ADHUNIK HINDI KAVYA (PART-II, AFTER 1936

TIME: 3 HOURS **TOTAL MARKS: 70**

सूचनाएँ :

यह प्रश्न पत्र तीन भागों में विभाजित हैं। भाग – I, भाग- II, और भाग – III. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर, निर्धारित शब्दों में दीजिए। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।

भाग – I

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए। 10 X 1 = 10

प्रश्न नं. 1

i. 'युग की गंगा' किस प्रकार की विधा है?

ii. 'बलचनमा' के रचनाकार कौन हैं?

iii. 'फूल नहीं रंग बोलते हैं' किसकी रचना है?

iv. 'मोचीराम' के रचनाकार कौन हैं?

v. 'बाँस का पुल' के रचनाकार कौन हैं?

vi. 'उड़े हुए रंग' किस प्रकार की विधा है?

vii. 'कोई मेरे साथ चले' किस प्रकार की विधा है?

viii. प्रगतिशील लेखक संघ के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

ix. 'रतिनाथ की चाची' के रचनाकार कौन हैं?

x. धूमिल का असली नाम क्या है?

भाग – II

निम्न लिखित आठ प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 X 6 = 30
प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों में देना अनिवार्य है।

2. कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालात रही शिकस्त.................................

3. माँ अचेतन हो रही है
मूर्छना में रो रही है
दाम के निर्मम चरण पर प्रेम माथा टेकता है.....................................

4. पैर उखडेंगे। प्लवन होगा। सहेंगे। बह जाएंगे
और फिर हम चूर्ण हो कर भी कभी क्या धार बन सकते?
रेत बन कर हम सलिल को तनिक गँदला ही करेंगे।.........................

5. तुमको लोग भूले जा रहे हैं
क्योंकि तुम जाने जाते रहै हो अपने अत्याचारों के कारण
और आज तुम हाथ खींचे हुए हो
कि तुम्हारे अत्याचारों को लोग भूल जाएँ.............................

6. केदारनाथ अग्रवाल का परिचय दीजिए।
7. मुक्तिबोध की काव्य शैली को सोदाहरण समझाइए।
8. नागार्जुन की काव्य शैली को सोदाहरण समझाइए।
9. वर्तमान संदर्भ में 'जंगल का दर्द' की प्रसंगिकता पर प्रकाश डालिए।

भाग – III

निम्न लिखित पाँच प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 3 X 10 = 30
प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में देना अनिवार्य है।

10. रघुवीर सहाय के काव्य में चित्रित प्रगतिशील चेतना पर प्रकाश डालिए।
11. वर्तमान संदर्भ में संसद से सड़क तक की प्रसंगिकता प्रकाश डालिए।
12. प्रगतिशीलता की परिभाषा देते हुए, उसकी विकास यात्र पर प्रकाश डालिए।
13. केदारनाथ अग्रवाल की कविता में चित्रित प्रगतिशील चेतना पर प्रकाश डालिए।
14. 'नदी के द्वीप' कविता का सारांश लिखिए।

****